# नए साल में कुछ तो नया कीजियेगा भजन लिरिक्स

नए साल में कुछ तो नया कीजियेगा,
गया जो गया उसको,
गया जो गया उसको जाने दीजियेगा,
नए साल में कुछ तो नया कीजियेगा।bd।

---

गए साल में भला बुरा जो हुआ है,
तूने किया है या फिर तेरे संग हुआ है,
क्षमा भाव से उसको,
क्षमा भाव से उसको भुला दीजियेगा,
नए साल में कुछ तो नया कीजियेगा।bd।

---

दुर्बुद्धि जाए और सद्बुद्धि आए,
सभी के घरो में सुख सम्रद्धि आए,
सभी के लिए ऐसी,
सभी के लिए ऐसी दुआ कीजियेगा,
नए साल में कुछ तो नया कीजियेगा।bd।

---

कितना पाया तूने कितना गंवाया,
पाप कमाया या फिर पूण्य कमाया,
पाप घटाकर पूण्य,
पाप घटाकर पूण्य बढ़ा लीजियेगा,
नए साल में कुछ तो नया कीजियेगा।bd।

---

औरो के भले में ही अपना भला है,
जिसने दिया है सुख उसी को मिला है,
भला चाहते हो तो,
भला चाहते हो तो भला कीजियेगा,
नए साल में कुछ तो नया कीजियेगा।bd।

---

प्रभु की अगर ‘ओपी’ दया चाहते हो,
आसमान को अगर छूना चाहते हो,
लाचार प्राणियों की

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

लाचार प्राणियों की सेवा किजियेंगा,
नए साल में कुछ तो नया कीजियेगा।bd।

नए साल में कुछ तो नया कीजियेगा,
गया जो गया उसको,
गया जो गया उसको जाने दीजियेगा,
नए साल में कुछ तो नया कीजियेगा।bd।

**Singer – Khushbu Tiwari**
**Lyrics – OP Haryanvi**

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com